डी-बैच पर उलझन बरकरार, एमसीआई से मांगेंगे मार्गदर्शन

इंदौर @ पत्रिका. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (देअविवि) के लिए सभी मेडिकल कोर्स की डी-बैच बड़ी मुश्किल बनी हुई है। एमबीबीएस, बीडीएस, नर्सिंग, बीएएमएस, बीएचएमएस जैसे कोर्स पूर्व में जबलपुर के मेडिकल विवि शिफ्ट हो चुके हैं, लेकिन अंतिम वर्ष के वे छात्र जो किन्ही विषय में फेल हो गए थे, उनकी परीक्षा देअविवि को ही लेना हैं। इनकी परीक्षा के लिए विवि ने अब एमसीआई से ही मार्गदर्शन लेने का फैसला किया है। कोरोना के कारण चार महीने से भी ज्यादा समय से विवि का काम ठप पड़ा है। राज्य सरकार ने परंपरागत कोर्सेस में जनरल प्रमोशन की घोषणा की हैं, लेकिन प्रोफेशनल कोर्स को लेकर उलझन बनी हुई हैं। इनमें सबसे ज्यादा खामियाजा डी-बैच के विद्यार्थी उठा रहे हैं। मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) के नियमों में जनरल प्रमोशन की कोई गुंजाइश नहीं है। इस वजह से ये छात्र लगातार विवि में संपर्क कर परीक्षा की स्थिति स्पष्ट करने की मांग कर रहे हैं। परीक्षा विभाग के डिप्टी रजिस्ट्रार प्रज्वल खरे ने बताया, अभी तो किसी भी कोर्स की परीक्षा नहीं हो सकती। अभी जनरल प्रमोशन की गाइडलाइन का भी इंतजार हो रहा है। इसके बाद मेडिकल में डी-बैच वालों के लिए एमसीआई से ही मार्गदर्शन लिया जाएगा।

विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जुड़ा जॉब अलर्ट कॉलम

इंदौर @ पत्रिका. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अब शिक्षकों और छात्रों के लिए ही नहीं, बल्कि ऐसे लोगों के लिए भी उपयोगी होगी जिन्हें नौकरी की तलाश है। विवि के पोर्टल पर जॉब अलर्ट नाम से नया कॉलम जोड़ा है। इस पर सरकारी नौकरियों की जानकारी दी जाएगी। कोरोना काल में विवि की वेबसाइट का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है। इसमें कोविड से जुड़ी गाइडलाइन लगातार अपडेट हो रही है। इसी वेबसाइट पर अब नौकरियों की जानकारी भी दी जाने लगी है। केंद्र और राज्य सरकार के विभागों में भर्तियों की प्रक्रिया अब वेबसाइट से ही मिलने लगेगी। फिलहाल कृषि, रेलवे, स्वास्थ्य विभाग के साथ कुछ निजी संस्थानों में भर्तियों की जानकारी भी अपलोड की है। अधिकारियों के अनुसार देशभर के छात्र वेबसाइट से नौकरियों की जानकारी लेकर आवेदन कर सकते हैं। आने वाले दिनों में करीब-करीब सभी नौकरियों की जानकारी अपडेट करने की योजना है।

यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर मिलेगा जॉब अलर्ट

डीएवीवी छात्रों के लिए अहम सेवा शुरू करने जा रही है। अब उसकी वेबसाइट पर जॉब अलर्ट सेवा शुरू हो रही है। इसमें छात्रों को देशभर की सरकारी और अन्य अहम जॉब के बारे में बताया जाएगा। किस विभाग में कौन सी नौकरियां हैं और उनके लिए प्रक्रिया कैसे पूरी करना है। यह सब वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

कल स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस में ई संगोष्ठी

इंदौर ● देअविवि के स्कूल आफ कम्प्यूटर साइंस में कल 28 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से ई संगोष्ठी (वेबिनार) आयोजित की गई है। जानकारी के मुताबिक प्रभारी कुल सचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा सहित कुलपति डॉ. रेणु जैन, विशेषज्ञ दिव्या पुरस्वानी, डॉ. अर्चना ठाकुर आदि सम्मिलित होंगे।

मेडिकल कोर्स की परीक्षाओं को लेकर पत्र लिखेगा विवि

इंदौर। यूजी-पीजी कोर्स में भले ही जनरल प्रमोशन देने पर सहमति बन चुकी है, मगर अभी तक मेडिकल कोर्स की परीक्षाओं को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। इससे देवी अहिल्या विश्वविद्यालय को एमबीबीएस-बीडीएस समेत अन्य मेडिकल कोर्स की डी-बैच की परीक्षा कराने में मुश्किलें आ रही हैं। मामले में अधिकारी अब मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआइ) को पत्र लिखेंगे। परीक्षाओं में देरी से विद्यार्थी परेशान हैं।

जून में प्रदेश सरकार ने यूजी-पीजी कोर्स में जनरल प्रमोशन देने की घोषणा की, लेकिन लॉ-मेडिकल कोर्स में जनरल प्रमोशन देने का विरोध हुआ। मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन ने माना कि प्रोफेशनल कोर्स के लिए संकाय अध्यक्ष और बोर्ड ऑफ स्टडी से चर्चा करेंगे, मगर उच्च शिक्षा विभाग ने अभी तक जनरल प्रमोशन को लेकर गाइडलाइन जारी नहीं की, जिससे अभी तक बैठक ही नहीं हुई। करीब 40 दिन से अधिकारी दिशा-निर्देश का इंतजार कर रहे हैं। परीक्षा विभाग के डिप्टी रजिस्ट्रार प्रज्जवल खरे का कहना है कि डी-बैच की परीक्षा कराना है, मगर गाइडलाइन नहीं आने से विश्वविद्यालय कोई कदम नहीं उठा पा रहा है। दिशा-निर्देश मिलते ही एमसीआइ से भी परीक्षा कराने के बारे में पूछा जाएगा। फिलहाल एमबीबीएस, बीडीएस, एमएससी नर्सिंग, बीओटी समेत कई परीक्षाएं रुकी हुई हैं। मेडिकल कोर्स की डी-बैच की परीक्षा कराने से आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय ने हाथ खड़े कर दिए थे। इसके बाद विश्वविद्यालय इन छात्रों की परीक्षा लेने को राजी हुआ।

विवि की वेबसाइट पर मिलेगी नौकरी की जानकारी

इंदौर। कोरोना संक्रमण काल में विद्यार्थी नौकरियों के लिए परेशान हो रहे है। इसके चलते जहां निजी क्षेत्र में नौकरियों की संख्या कम होने लगी है, वहीं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने अपने विद्यार्थियों को नौकरी की जानकारी के लिए एक मंच उपलब्ध कराया है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 'जॉब अलर्ट' नाम से नया फीचर जोड़ा गया है, जिसमें सरकारी विभागों में नौकारियों के बारे में बताया गया है। अधिकारियों के मुताबिक लॉकडाउन के दौरान कई विद्यार्थियों से संपर्क किया गया। अधिकांश अपनी नौकरी और भविष्य को लेकर चिंतित थे। इन दिनों कंपनियों ने भर्तियां रोक दी हैं। ऐसे में उन विद्यार्थियों के सामने संकट खड़ा नजर आ रहा है जो कुछ महीनों में स्नातक होंगे। इन्हें नौकरी की जरूरत होगी। इसे ध्यान में रखते हुए वेबसाइट पर फीचर जोड़ा है। -नप्र

सेन्ट्रल लायब्रेरी
देवी अहिल्या विश्व विद्यालय
तक्षशिला परिसर खण्डवा रोड, इन्दौर